बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लि0,
खाद्य भवन, दारोगा राय पथ, आर0 ब्लॉक, रोड नं0–2, पटना–800001

पत्रांकः– 06:04:18:01:2011 दिनांकः–

प्रेषक,

महाप्रबंधक,
वित्त एवं आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार,
निगम मुख्यालय,पटना।

सेवा में,

सभी जिला प्रबंधक,
राज्य खाद्य निगम,
बिहार।

विषयः– क्षति/गबन या अन्य किसी प्रकार से खाद्यान्न में हुई कमी की राशि वसूली हेतु वर्ष–2018–19 के लिए गेहूँ एवं चावल का आर्थिक दर का निर्धारण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि निगम मुख्यालय के ज्ञापांक–9442 दिनांक–03.11.2009 एवं ज्ञापांक–7218 दिनांक–10.08.2010 द्वारा निगम में दिनांक–01.04.2009 के प्रभाव से खाद्यान्न में क्षति/गबन एवं अन्य प्रकार से पायी गयी कमी की वसूली भारतीय खाद्य निगम द्वारा निर्धारित आर्थिक दर पर करने का सिद्धांत निर्धारित है।

मुख्य महाप्रबंधक (Cost) भारतीय खाद्य निगम, 16–20 बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली का पत्रांक–BC&F/4(84)Eco.Cost Rice2018-19 दिनांक–20.02.2018 द्वारा वर्ष–2018–19 के लिए गेहूँ एवं चावल का भारतीय खाद्य निगम में निर्धारित आर्थिक दर की सूचना प्राप्त हुई है, जो निम्न प्रकार हैः–

वर्ष	खाद्यान्न	भारतीय खाद्य निगम में निर्धारित आर्थिक दर प्रति क्वींटल
2018–19	गेहूँ	2445.62 रू0
	चावल	3310.28 रू0

निदेशानुसार, वर्ष–2018–19 में गेहूँ एवं चावल में क्षति/गवन या परिवहन के क्रम में हुई क्षति/गबन सहित अन्य प्रकार से कमी पाये जाने पर उसकी राशि की वसूली हेतु उपर वर्णित आर्थिक दर को राज्य खाद्य निगम में भी वर्ष–2018–19 के लिए गेहूँ एवं चावल का आर्थिक दर निर्धारित किया जाता है।

अनुरोध है कि वर्ष–2018–19 में गेहूँ एवं चावल में किसी प्रकार की क्षति/गबन एवं कमी पाये जाने पर उसकी राशि की वसूली उपर वर्णित आर्थिक दर पर संबंधित पदाधिकारी/कार्मिक/परिवहन–सह–हथानलन अभिकर्त्ता से करने की कृपा की जाय।

इसके पूर्व के वर्षो के लिए खाद्यान्न का निर्धारित आर्थिक दर यथावत् रहेगा।

विश्वासभाजन

ह0/–
महाप्रबंधक,
वित्त एवं आंतरिक
वित्तीय सलाहकार,
निगम मुख्यालय,पटना।

ज्ञापांक– 06:04:18:01:2011 1880 दावा/दिनांक–13/2/19

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य महाप्रबंधक/सभी महाप्रबंधक/सभी उप महाप्रबंधक, निगम मुख्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/2/19
महाप्रबंधक,
वित्त एवं आंतरिक
वित्तीय सलाहकार,
निगम मुख्यालय,पटना।